सोमवार

34 साल से देहरादून का विश्वास

30 मार्च 2026

● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 65
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल


सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94 email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# देश के हीरो की सड़क पर मौत

## अपने शहर में गोलियों ने ली जान





हमारे संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड की राजधानी देहरादून धीरे-धीरे वासेपुर बनती जा रही है। यहां आये दिन हो रही हत्याये यह सब साबित करने के लिए काफी है। यहां बीत रोज जहां रायपुर थाने में पीआरडी जवान की हुई मौत को परिजन हत्या बता रहे है। वहीं आज सुबह सड़क पर एक बार फिर मौत का नंगा नाच सामने आया है। यहां राजपुर क्षेत्र में ओवरटेकिग के चलते हुई गोलीकांड में सड़क पर मार्निंग वाक के लिए घूम रहे एक ब्रिगेडियर की गोली लगने से मौत हो गयी है। हालांकि सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग 6.50 पर कंट्रोल रूम को जोहड़ी गांव में फायरिंग होने की सूचना मिली। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि मसूरी रोड स्थित मालसी के पास दिल्ली नम्बर की फार्च्यूनर और स्कार्पियों कार सवारों के बीच ओवरटेकिंग को लेकर विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि स्कार्पियों सवार लोगों ने फार्च्यूनर कार का पीछा करते हुए उसे रोकने के लिए उसके टायरों पर गोली चलाने लगे। इस दौरान सड़क पर मार्निंग वाक कर रहे रिटायर्ड ब्रिगेडियर एम.के. जोशी को गोली लग गयी। गम्भीर रूप से घायल जोशी को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी।

वहीं घटना के बाद फांर्च्यूनर कार जोहड़ी गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी। जिसके बाद स्कार्पियों सवार लोगों ने फार्च्यूनर सवार लोगो के साथ मारपीट कर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना में फार्च्यूनर सवार दो लोग घायल हुए है जिन्हे उपचार हेतू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि घटना के बाद सभी आरोपी फरार होने में कामयाब हुए है जिनकी तलाश जारी है।

# शासन-प्रशासन कानून व्यवस्था में फेल

## हत्या-लूट जैसी वारदातों का सिलसिला जारी

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की कानून व्यवस्था पर उठ रहे तमाम सवालों के बीच और शासन-प्रशासन के प्रयासों तथा दावों के बीच बढ़ती अपराधिक घटनाएं इस बात का प्रमाण है कि स्थिति बजाय सुधारने के दिनों-दिन और भी अधिक खराब होती जा रही है। खास तौर पर सूबे की राजधानी दून में तो अपराधिक घटनाओं ने सारे रिकॉर्ड ही तोड़कर रख दिए हैं। आज सुबह राजपुर रोड क्षेत्र में सुबह सवेरे मॉर्निंग वॉक पर गए सेवा निवृत ब्रिगेडियर की हत्या ने एक बार फिर शासन-प्रशासन के दावों की कलई खोल कर रख दी है।

दून की कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को सुधारने के लिए पुलिस कप्तान का तबादला कर दिया गया था। बीते माहं फरवरी में एक के बाद एक पांच हत्याओं की घटनाएं जिसमें दिन-दहाड़े मच्छी बाजार में एक युवती पर चापड़ से वार करते हुए मौत की नींद सुला देने की सनसनीखेज वारदात भी शामिल थी जिसने सभी को चौंका दिया था। बजट सत्र में विपक्ष के कानून व्यवस्था पर सरकार को घेरे जाने के बाद पुलिस-प्रशासन ने कुछ सख्ती तो दिखाई लेकिन इस सख्ती का भी कोई असर नहीं होता दिख रहा है। अभी पुलिस अभिरक्षा में एक पीआरडी जवान की खुदकुशी से लेकर हत्या तथा लूटपाट की घटनाओं का सिलसिला थमता दिखाई नहीं दे रहा है।

अभी बीते दिनों चूना भट्ठा पर एक और युवती का शव बरामद होना तथा दो दिन पूर्व शाम के 4 बजे नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र में एक वृद्धा की चेन स्नेचिंग की घटना यह बताती है कि अपराधियों में पुलिस का कोई खौफ नहीं है।

खास बात यह है कि पुलिस इन तमाम जघन्य अपराधों में से कुछ का ही खुलासा कर सकी है उस पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। सरकार और पुलिस के लिए सूबे की कानून व्यवस्था को बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बन चुका है वही आम आदमी दहशत के साये में जीने पर विवश है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# बदलता हवा का रुख

अभी उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में भले ही सात-आठ माह का समय शेष हो लेकिन सूबे के सियासी दलों ने चुनावी शंखनाद शुरू कर दिया है। बीते दिन दिल्ली में भाजपा के कुछ पूर्व विधायक और मेयर सहित आधा दर्जन बड़े तथा प्रभावी नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने कांग्रेस में अपनी निष्ठा जताने वाले भाजपा और पूर्व भाजपा नेताओं का स्वागत किया तो नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने इसे सियासी बदलाव का संकेत बताया। रुद्रपुर से दो बार विधायक रहे राजकुमार ठुकराल का कहना है कि वह कांग्रेस के लिए समर्पित रहेंगे। टिकट मिलने के सवाल पर उनका कहना है कि इतिहास रचेंगे। इतनी बड़ी संख्या में चुनाव पूर्व भाजपा नेताओं के कांग्रेस के साथ जाने पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का कहना है कि यह भाजपा का निकाला हुआ माल है, कहीं न कहीं तो जाएगा ही। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने इस अवसर पर कहा कि उनके पास लंबी सूची है अभी सिर्फ 6 लोग ही फाइनल हुए हैं बाकी आने वाले समय में कांग्रेस की सदस्यता लेने वाले बहुत है। इन तमाम नेताओं के बयानों के बीच पूर्व सीएम हरीश रावत ने 15 दिन के अर्जित अवकाश पर रहने की जो घोषणा की है उसके भी कई मायने निकाले जा रहे हैं। दिल्ली के कार्यक्रम से उन्हें दूर रखना उनकी नाराजगी की वजह हो सकता है। इन तमाम घटनकर्मो और बयानों से एक बात तो साफ है कि प्रदेश की सियासी हवा तेजी से रुख बदल रही है। बीते कुछ सालों से कांग्रेस को छोड़कर भाजपा की ओर दौड़ने वाले नेताओं को भी अब लगने लगा है कि समय करवट बदल रहा है। राजनीति का हमेशा ही यह मिजाज रहा है की हवा के रूख के साथ नेता अपना पाला बदल देते हैं। कांग्रेस को लेकर अब भाजपा ही नहीं अन्य नेताओं में भी यह सोच मजबूत होती जा रही है कि कांग्रेस मजबूत होती जा रही है। आज यशपाल आर्य ने एक बात अपने संबोधन में कही थी भाजपा के अहंकारी रवैये से लोग अब परेशान आ चुके हैं। डबल और ट्रिपल इंजन की सरकारों का झांसा देकर सत्ता पर काबिज रहने वाली भाजपा ने जनता से जो वायदे किए थे उन्हें भाजपा ने कितना पूरा किया है इस बात को अब लोग समझ चुके हैं। महेंद्र भट्ट का कांग्रेस में जाने वाले नेताओं को निकाला हुआ माल बताया जाना भी भाजपा के अहंकार को ही पोषित और प्रमाणित करने वाला बयान है। अभी बीते दिनों बजट सत्र के दौरान अंकिता भंडारी हत्याकांड के बारे में सदन में चर्चा के दौरान सुबोध उनियाल ने ऐरा-गैरा नत्थू गैरा जैसे शब्दों का इस्तेमाल किए जाने पर भारी हंगामा हुआ था। जहां तक कांग्रेस की बात है इस बार वह चुनाव में किसी तरह की ढील देने को तैयार नहीं है यही कारण है कि उसने अभी से अपनी तैयारियों को धार देना शुरू कर दिया है। महेंद्र भट्ट के बयान को लेकर भाजपा नेताओं में चर्चाओं का दौर जारी है क्योंकि इन नेताओं को निकाला गया माल कहा जाना किसी को भी नागवार ही लगेगा। लेकिन भाजपा नेताओं की अहंकारी भाषा शैली का क्या कीजिएगा। राजकुमार ठुकराल, नारायण पाल, भीमलाल आर्य, लखन सिंह नेगी तथा गौरव गोयल का कांग्रेस के साथ जाना कितना लाभकारी रहेगा यह तो समय ही बताया कि अभी और कितने भाजपा नेता कांग्रेस में आते हैं इसके लिए इंतजार ही करना पड़ेगा?



# कमलेश्वर महादेव मंदिर में रक्तदान व निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

संवाददाता

देहरादून। श्री महाकाल सेवा समिति व सम्पूर्ण समर्पण फाउंडेशन के द्वारा रक्तदान व निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आज यहां कैन्ट विधानसभा क्षेत्र के कमलेश्वर महादेव मंदिर में श्री महाकाल सेवा समिति व सम्पूर्ण समर्पण फाउंडेशन द्वारा रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में क्षेत्र वासियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया, इसी के साथ रक्तदान करने वालों में भी काफी उत्साह देखा गया, जिसमें श्री महाकाल सेवा समिति के धर्मार्थ औषधालय से डॉक्टर वीरेंद्र मेहरा ने कैंप में आए हुए रोगियों का निशुल्क उपचार किया। जिसमें शुगर रोगी,ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, इलेक्ट्रोपेथी मेडिसिन भी निशुल्क वितरित की गई। लालचंद शर्मा, जोगिंदर पुंडीर, समिति के अध्यक्ष अनिता शर्मा, रोशन राणा ने दीप प्रज्वलित कर कैम्प का शुभारंभ किया। इस दौरान समिति के बालकिशन शर्मा, संजीव गुप्ता, गौरव जैन, आयुष जैन, राहुल माटा, विक्रम चौधरी, विनय प्रजापति, हिमांशु कोटनाला, प्रशांत कुमार, कृतिका राणा, अनुष्का राणा, वनिता घर, अनुराग गौड़, वसुंधरा, विशेष भारद्वाज, देवाशीष कौशिक, रघुनंदन शर्मा, स्नेह भारद्वाज अभय उनियाल, दलीप शर्मा, सोनल जसूजा, क्षेत्रीय पार्षद रेणु देवी उपस्थिति रहे।

# कार्मिकों को मिलेंगे मॉडल घर



❑जर्जर आवासों की जगह बनेंगे आधुनिक क्वार्टर
❑नए आवासीय परिसरों के निर्माण की योजना बनी
❑कार्यों की निगरानी के लिए बनी उच्चस्तरीय समिति

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। राज्य सरकार प्रदेश भर में सरकारी कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक आवास उपलब्ध कराने की व्यापक योजना पर काम कर रही है। इस पहल का उद्देश्य न केवल कर्मचारियों को बेहतर आवास उपलब्ध कराना है, बल्कि सरकारी आवासीय परिसंपत्तियों का व्यवस्थित रख-रखाव और विस्तार सुनिश्चित करना भी है। राज्य संपत्ति विभाग के अनुसार लंबे समय से कई सरकारी आवास जर्जर हो चुके हैं, जिससे कर्मचारियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सरकार अब ऐसे आवासों की पहचान कर उन्हें मरम्मत और पुनर्निर्माण के माध्यम से बेहतर बनाने की योजना पर तेजी से काम कर रही है।

सरकार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में मौजूद जर्जर सरकारी आवासों का सर्वे शुरू करने का निर्णय लिया है। जिन भवनों की स्थिति बेहद खराब है, उन्हें या तो पुनर्निमित किया जाएगा या फिर उनकी जगह नए आधुनिक आवास बनाए जाएंगे। इसके साथ ही जहां भी विभागीय या सरकारी भूमि उपलब्ध है, वहां आवश्यकता के अनुसार नए आवासीय परिसरों के निर्माण की योजना बनाई जा रही है। इन आवासों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा ताकि कर्मचारियों को सुरक्षित, व्यवस्थित और कार्यस्थल के निकट रहने की सुविधा मिल सके। सरकार का मानना है कि बेहतर आवास मिलने से कर्मचारियों का कार्य परिवेश भी बेहतर होगा और वह अधिक दक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे।

इन योजनाओं को समयब( तरीके से लागू करने के लिए राज्य संपत्ति विभाग के स्तर पर एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध भूमि, जर्जर भवनों और नए निर्माण की संभावनाओं का त्वरित सर्वेक्षण किया जाए। सर्वेक्षण के आधार पर विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर शासन को भेजा जाएगा, ताकि निर्माण और मरम्मत से जुड़ी परियोजनाओं को समय पर स्वीकृति मिल सके। इसके अलावा कार्यदायी संस्थाओं को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हों और तय समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं। नियमित निरीक्षण और मानिटरिंग की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी की संभावना कम हो सके।

रेसकोर्स में बनेंगे नए आवास: राज्य संपत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन देहरादून के ओल्ड आफिसर्स कालोनी, रेसकोर्स क्षेत्र में भी नए आवासों के निर्माण की योजना बनाई गई है। यहां जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण के बाद खाली हुईं भूमि पर श्रेणी-2 के 31 नए आवास बनाने का प्रस्ताव समिति के समक्ष रखा गया। इन आवासों के निर्माण के लिए श्रेणी-2 के 31 आवासों पर लगभग 1458.56 लाख रुपये और श्रेणी-4 के 10 आवासों के लिए लगभग 743.95 लाख रुपये की लागत का अनुमान लगाया गया है।

# भोपालपानी में मां रुक्मणी सेवा संस्थान गौशाला का उद्घाटन

हमारे संवाददाता

देहरादून। गौ, गंगा, गायत्री और गीता को हमारे शास्त्रों में सनातन धर्म के चार प्रमुख स्तंभों के रूप में वर्णित किया जाता है। इन सभी की अलग-अलग महत्ता है किंतु गौ सेवा का अपना स्थान है गौ सेवा से इस लोक में ही नहीं जीवात्मा को परलोक में भी सभी सुखों की प्राप्ति होती है और आत्मा को परमात्मा तक पहुंचा देती है।

आज भोपाल पानी में मां रुक्मणी सेवा संस्थान गौशाला का उद्घाटन करते हुए यह बात मुख्य वक्ता धनंजय जी और विभागीय प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने संबोधन में कहीं। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में कहा गया है कि गौ माता के शरीर में समस्त देवी देवताओं का वास है इसलिए गौ सेवकों को अन्य किसी देवी देवता की पूजा अर्चना की जरूरत नहीं होती है और मनुष्य मात्र पर स्वत: ही सभी की कृपा बनी रहती है।

इससे पूर्व गौशाला संचालक अश्वनी पांडे ने गौशाला में विधि विधान के साथ यज्ञ किया। उन्होंने कहा कि गौ सेवा का अवसर बहुत ही दुर्लभ है, बहुत कम ऐसे भाग्यशाली होते हैं जिन्हें ईश्वर की कृपा से यह अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं को धन्य मानता हूं जिन्होंने इस पुण्य पुनीत कार्य के लिए मुझे चुना। उन्होंने कहा कि हमने गौशाला में बीमारू और दुर्घटनाग्रस्त घायल गौ माता के इलाज की भी उचित व्यवस्था की है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भोपाल पानी के क्षेत्रीय लोगों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। गौ माता को हरा चारा तथा फलों के खिलाए जाने तथा एक वृहद भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक बृजभूषण गैरोला, सुभाष जोशी, प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद श्रीमती मीना मनवाल, जिला पंचायत सदस्य वामेंद्र मिश्रा, डा. शैलेंद्र वशिष्ठ, श्रीमती कंचन राणा, प्रधान रघुवीर सिंह, प्रधान प्रवेश कुमारी, उषा सोलंकी, श्रीमती किरण रावत, राय सिंह, अनिल सिंह ठाकुर, आकाश सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर अतिथियों को गौ माता के स्मृति चिन्ह भी वितरित किए गए।

# अंकिता न्याय यात्रा: संयुक्त संघर्ष मंच ने किया विधायक का घेराव

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। अंकिता न्याय यात्रा ने ऋषिकेश कोयल घाटी में विधायक प्रेमचंद अग्रवाल के आवास का घेराव किया। मंच की कमला पंत ने कहा अंकिता भंडारी में न्याय तब तक पूरा नहीं है जब तक वीआईपी अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता है।

मंच की उमा भट्ट ने कहा भाजपा का चाल चरित्र महिला विरोधी रहा है, पूरे देश में भाजपा नेताओं द्वारा महिलाओं के शोषण की आए दिन खबरें आती हैं। उत्तराखंड की धरती को भाजपा ने दूषित कर दिया महिला अपराधों में सबसे पहले भाजपा नेताओं ने नाम आता है।

मंच की सदस्य सुजाता पाल ने कहा भाजपा का चाल चरित्र दिखने लगा है



एपस्टीन फाइल्स में भाजपा के मंत्रियों का नाम आ रहा है, भाजपा सरकार की महिला आयोग की अध्यक्ष का नाम महिला यौन अपराधों में आ रहा है। उत्तराखंड में अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा नेता शामिल हैं और भाजपा सरकार उन्हें बचाने में लगी है।

मंच के सदस्यों ने प्रेमचंद अग्रवाल के घर बाहर सड़क पर लगे दुष्यंत कुमार के पोस्टर को फाड़कर हटा दिया और चेतावनी देते हुए कहा कि दुष्यंत कुमार और अजय कुमार के पोस्टरों को भाजपा नेता हटाएं नहीं तो उन्हें राज्य की जनता हटा देगी।

# उद्योग बढ़ाकर आर्थिकी में सक्रिय भूमिका निभाएं उद्यमी : ऋतु

कोटद्वार(आरएनएस)। जिला उद्योग केंद्र की ओर से आयोजित तीन दिवसीय हिमालयन इंडस्ट्री एंड बिजनेस एक्सपो का रविवार को समापन हो गया। बड़ी संख्या में लोगों ने एक्सपो में पहुंचकर उत्पादों का अवलोकन किया और उद्यमियों के कार्यों की सराहना की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक ऋतु खंडूडी ने कहा कि उत्तराखंड में लघु, कुटीर एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जिससे स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिलती है और रोजगार के अवसर सृजित होते हैं। उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने उद्योगों को आगे बढ़ाएं और प्रदेश की आर्थिक प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इससे पूर्व उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर उद्यमियों द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की जानकारी ली और उनके प्रयासों की सराहना की। तीन दिवसीय इस एक्सपो में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों ने आकर्षक स्टॉल लगाए। जिनमें स्थानीय हस्तशिल्प, जैविक उत्पाद, खाद्य सामग्री एवं नवाचारों को प्रदर्शित किया गया।

# रामलीला मंच से कुमाऊनी में दिया साइबर सुरक्षा का संदेश

अल्मोड़ा(आरएनएस)। जनजागरूकता अभियान के तहत लमगड़ा थाना पुलिस ने दूरस्थ गांव खड़ियानौली (जैंती) में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक ने विश्वेश्वर रामलीला मंच से ग्रामीणों को स्थानीय कुमाऊनी भाषा में संबोधित करते हुए साइबर अपराधों से बचाव की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान डिजिटल अरेस्टिंग, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड और अन्य साइबर अपराधों के प्रति लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों और रामभक्तों को समझाया गया कि किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और तुरंत संबंधित हेल्पलाइन पर संपर्क करें। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए भी प्रेरित किया। साथ ही महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा, महिला एवं बाल अपराध, नशे के दुष्प्रभाव और नए आपराधिक कानूनों के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान गांव में किसी भी बाहरी या संदिग्ध व्यक्ति के प्रवेश की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। पुलिस ने डायल 112, महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 और आपदा हेल्पलाइन 1070 जैसे महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी भी साझा की। स्थानीय ग्रामीणों और रामलीला कमेटी ने दूरस्थ क्षेत्र में पहुंचकर उपयोगी जानकारी देने के लिए पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# चारधाम यात्रा के लिए आज से बनेंगे ग्रीन कार्ड

ऋषिकेश(आरएनएस)। चारधाम यात्रा-2026 के लिए यात्री वाहन 30 मार्च से उपसंभागीय परिवहन कार्यालय ऋषिकेश ग्रीन कार्ड बनवा सकेंगे। जिसके लिए ग्रीन कार्ड पोर्टल लाइव कर दिया गया है। एआरटीओ प्रशासन ऋषिकेश रावत सिंह ने बताया कि 30 मार्च से ग्रीन कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया का शुभारंभ किया जाएगा। कहा कि यात्रा पर जाने वाले सभी यात्री वाहनों के स्वामी ग्रीन कार्ड पोर्टल पर निर्धारित शुल्क जमा करने के पश्चात अपने निकटस्थ परिवहन कार्यालय में जाकर अपना ग्रीन कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। कहा कि उत्तराखंड एनआईसी परिवहन की टीम के सीनियर डायरेक्टर आईटी हिमांशु कुमार एवं ज्वॉइंट डायरेक्टर आईटी रमन पुंडीर द्वारा ग्रीन कार्ड पोर्टल का विधिवत परीक्षण कर लिया गया है। तत्पश्चात पोर्टल रविवार से सभी व्यावसायिक यात्री वाहनों के ग्रीन कार्ड बनाने के लिए लाइव कर दिया गया है।

# सेना के जवानों को हास्य योग से तनाव को मात देने के सिखाए गुर

कोटद्वार(आरएनएस)। हास्य योग केंद्र व इंस्टीट्यूट ऑफ हास्य योग इंडिया की ओर से हास्य योग शिविर हंसों और फिट रहो विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हंसी की योगशाला और मस्ती की पाठशाला में विभिन्न प्रकार के हास्य योग के माध्यम से बीमारियों को दूर करने के मूल मंत्र बताए गए। गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में हास्य योग शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने दीप प्रज्वालित कर किया। द्वितीय चरण के शिविर का उद्घाटन परिवार कल्याण संगठन की अध्यक्ष रेखा नेगी ने किया। रेजिमेंट के सैन्य अधिकारियों, जेसीओ, रिक्रूट्स ने हास्य योग के गुर सीखे। द्वितीय चरण में सैनिक के परिजनों ने प्रशिक्षण लिया। मुख्य अंतरराष्ट्रीय हास्य योग गुरु जतिन कोही, सह शिक्षक सुशील जैन, विपिन गुप्ता, मीडिया सचिव अंजना गुप्ता, हास्य योग शिक्षिका अलका जैन और सहायक योग शिक्षक सत्यपाल ने अपनी हास्य कला से मन मोहा। योग गुरु जतिन कोही ने कहा कि समूह में खुलकर हंसने व सांस लेने की क्रियाओं का संयोजन हास्य योग है जो शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए रामबाण है। 15 से 20 मिनट का हास्य योग तनाव हार्मोन को कम करता है। हास्य योग हृदय रक्त परिसंचरण में सुधार, ब्लड प्रेशर में नियंत्रण, प्रतिरक्षा प्रणाली की मजबूती, फेफड़ों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक है। उन्होंने रोजाना 15 से 20 मिनट हास्य योग कर तनाव कम करने की सलाह दी।

# गाँव में सड़क के अभाव में 78 वर्षीय बुजुर्ग को कंधों पर ढोकर पहुंचाया अस्पताल

बागेश्वर(आरएनएस)। गरुड़ ब्लॉक मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित दरणा गाँव आज भी विकास की बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर है। कोट्ठुलारी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले इस गाँव में लगभग 50 परिवार निवास करते हैं, लेकिन स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी यहाँ तक सड़क नहीं पहुँच पाई है। परिणामस्वरूप ग्रामीणों को आज भी अपने दैनिक जीवन से लेकर आपातकालीन परिस्थितियों तक में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इस उपेक्षा की मार का ताजा उदाहरण 78 वर्षीय श्रीमती देवकी देवी के रूप में सामने आया, जो बीते 28 मार्च से अस्वस्थ थीं। दुर्भाग्यवश गाँव में पर्याप्त लोगों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें समय पर अस्पताल नहीं ले जाया जा सका। अंततः 29 मार्च की सुबह ग्रामीणों ने मानवता और साहस का परिचय देते हुए उन्हें डोली में बैठाकर लगभग 5 किलोमीटर लंबे दुर्गम पहाड़ी मार्ग से नीचे तक पहुंचाया। सुबह करीब 7 बजे उन्हें प्राथमिक उपचार दिलाया गया, जिसके बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हल्द्वानी रेफर कर दिया गया।

दरणा गाँव से अस्पताल तक का मार्ग अत्यंत जोखिमपूर्ण है। संकरे और ऊबड़-खाबड़ रास्तों के साथ-साथ जंगलों में फैले चीड़ के पेड़ों से गिरने वाला पिरूल इस मार्ग को और अधिक फिसलन भरा बना देता है। ऐसे में मरीज को डोली में ले जाना न केवल कठिन बल्कि जानलेवा जोखिम से भरा होता है। जरा सी चूक किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से जनप्रतिनिधि चुनाव के समय सड़क निर्माण के वादे करते रहे हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही ये आश्वासन भी खत्म हो जाते हैं। पूर्व ग्राम प्रधान राजेंद्र किरमोलिया ने इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामवासियों को लगातार केवल झूठे वादों के सहारे रखा गया है और उनके साथ अन्याय हो रहा है। दरणा गाँव की यह स्थिति शासन-प्रशासन के उन दावों पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है, जिनमें हर गाँव तक सड़क और स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की बात कही जाती है। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि क्या संबंधित अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस पीड़ा को समझते हुए कोई ठोस पहल करते हैं, या फिर दरणा गाँव के लोग यूं ही डोली के सहारे अपनी जिंदगी ढोने को विवश रहेंगे।

## बंद रिजर्वेशन काउंटर एक हफ्ते में हुआ फिर से खुला

ऋषिकेश(आरएनएस)। शहरवासियों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। पुराने ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर बंद पड़ा रिजर्वेशन काउंटर अब पुनः संचालित हो गया है। यह सफलता स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास का परिणाम मानी जा रही है। रविवार को भाजपा ऋषिकेश मंडल अध्यक्ष मनोज ध्यानी ने बताया कि बीते कुछ दिन पूर्व उन्होंने कार्यकर्ताओं संग ऋषिकेश के पुराने रेलवे स्टेशन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था। जिसमें पुराने रेलवे स्टेशन पर आरक्षण काउंटर बंद किए जाने पर विरोध जताया गया था और बंद किए गए आरक्षण काउंटर पुनः खोले जाने की मांग की गई थी। जिसको लेकर रेलवे प्रशासन ने महज एक हफ्ते में कार्यवाही कर दी है और आरक्षण काउंटर को पुनः शुरू कर दिया है। उन्होंने इतनी शीघ्र समाधान के लिए रेलवे विभाग की सराहना की।

## यातायात उल्लंघन पर 72 पर कार्रवाई

पिथौरागढ़(आरएनएस)। जनपद में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें 72 लोग यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए मिले। पुलिस ने संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की है।

## वैज्ञानिक खेती और पशुपालन से बढ़ेगी किसानों की आय

रुद्रपुर(आरएनएस)। ग्राम बिडौरा, सितारगंज में उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद, पंतनगर द्वारा रविवार को एक दिवसीय किसान-वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि निदेशक बायोटेक डॉ. संजय कुमार ने कहा कि वैज्ञानिक पद्धति से पशुपालन और खेती करने से किसानों की आय में वृद्धि संभव है। उन्होंने उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उपयोग पर जोर देते हुए उत्पादकता बढ़ाने की बात कही। सामाजिक कार्यकर्ता श्रीपाल राणा ने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया और कहा कि देश की समृद्धि में किसानों की भूमिका अहम है। प्रोफेसर डॉ. शिवप्रसाद मौर्य ने पशुपालन से संबंधित जानकारी देते हुए गाय-भैंस की नस्ल सुधार, दूध की गुणवत्ता बढ़ाने, गर्भधारण समस्याओं व उनके समाधान पर प्रकाश डाला। डॉ. एस.के. सिंह ने पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान और दूध उत्पादन बढ़ाने के उपाय बताए। वैज्ञानिक डॉ. मणिंद्र मोहन शर्मा ने मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, संतुलित उर्वरक प्रयोग और जल प्रबंधन की जानकारी दी। वैज्ञानिक सहायक अनुज कुमार ने उद्यानिकी से जुड़ी तकनीकों पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान किसानों को मिट्टी जांच की प्रक्रिया समझाई गई और नमूने भी एकत्र किए गए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान उषावती राणा, पवन सिंह, शेर सिंह और सुरेश राणा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जनपद में एलपीजी आपूर्ति पर सख्त निगरानी, पारदर्शी एवं समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध

बागेश्वर(आरएनएस)। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के निर्देशों के क्रम में जनपद में एलपीजी गैस आपूर्ति को पारदर्शी, सुचारू एवं उपभोक्ता हितैषी बनाए रखने हेतु सभी तहसीलों में सघन मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था का निरंतर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। उपजिलाधिकारी गरुड़ वैभव काण्डपाल द्वारा गरुड़ क्षेत्र में गैस वितरण व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान एचपी गैस एजेंसी, टीट बाजार कौसानी एवं इंडेन गैस एजेंसी गागरीगोल का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों, स्टॉक स्थिति एवं अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि कौसानी क्षेत्र में एचपी गैस एजेंसी तथा छतिया, गागरीगोल, पुरड़ा, भौरा एवं उदखुली क्षेत्रों में इंडेन गैस एजेंसी द्वारा नियमित वितरण किया जा रहा है।

वहीं गरुड़ तहसीलदार निशा रानी द्वारा भी अपने क्षेत्र में गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर समस्त व्यवस्थाओं का सत्यापन किया गया। उपजिलाधिकारी कपकोट अनिल कुमार चन्याल ने कपकोट क्षेत्र में गैस एजेंसियों का निरीक्षण करते हुए स्टॉक रजिस्टर, वितरण प्रणाली एवं उपभोक्ताओं को प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया कि गैस सिलेंडरों का वितरण समयबद्ध एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में तहसीलदार कपकोट नितिशा आर्या द्वारा शिखर भारत गैस सर्विस, शामा का निरीक्षण करते हुए वितरण प्रणाली, स्टॉक स्थिति एवं उपभोक्ता शिकायत निवारण व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा संबंधित संचालकों को पारदर्शी एवं समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।तहसीलदार बागेश्वर ऋतु गोस्वामी द्वारा बागेश्वर क्षेत्र में ठाकुरद्वारा, पेट्रोल पंप के निकट एवं आरे बाईपास क्षेत्रों में इंडेन गैस द्वारा की जा रही आपूर्ति की मॉनिटरिंग की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से संवाद कर उनके बुकिंग नंबर की जांच की तथा वितरण की वास्तविक स्थिति का सत्यापन किया। साथ ही पूर्व में वितरित सिलेंडरों के उपभोक्ताओं की सूची से रैंडम कॉल कर आपूर्ति की पुष्टि भी की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि गैस वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता, कालाबाजारी अथवा लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजन से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की शिकायत की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जनपद में गैस आपूर्ति पूर्णतः सामान्य एवं पर्याप्त है तथा प्रशासन द्वारा इसकी निरंतर निगरानी कर समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

# पेट अंदर रखने के साथ-साथ हाथों की चर्बी घटाते हैं योगासन

अपनी अपर बॉडी स्ट्रेंथ यानी कि शरीर के ऊपरी भाग को मजबूत करने के लिए आप कई तरह के योगासन को ट्राय कर सकते हैं। योग से आप अपनी आर्म्स को भारी किए बिना स्ट्रांग बना सकते हैं। योग की खास बात यह है कि यह आपके ही शरीर के भार का इस्तेमाल करके मसल्स बनता है और आपको फिट रखता है। इससे आप शरीर से मजबूत तो होते हैं, लेकिन मन और आत्मा को भी शांति मिलती है। इस पोस्ट में हम आपको ऐसे ही कुछ आसनों के बारे में बता रहे हैं जिनसे बाहें भारी होने की जगह टोन और स्ट्रांग होंगी। ध्यान रहे किसी भी किसी भी एक्सरसाइज को करने से पहले वार्म-अप जरूर कर लें। आप सूर्य नमस्कार से वार्म-अप कर सकते हैं।

वसिष्ठासन: यह आसन आपके पैर, हाथ और पेट की मसल्स को स्ट्रांग करता है। आपकी कलाई को स्ट्रेच करने के साथ उन्हें मजबूत भी बनाता है। इससे जांघों के पीछे का भाग भी स्ट्रेच होता है। इससे बॉडी बैलेंस में भी सुधार आता है।

कैसे करें वसिष्ठासन

- इस आसन की शुरुआत करने के लिए प्लैंक पोज या फलकासन में आ जाएं।
- धीरे-धीरे अपने दायीं साइड पर हाथ से लेकर पैर तक में अपना भार डालें।
- अपने बाएं हाथ और पैर को ऊपर की ओर कर लें। अब अपने बाएं पंजे को दाएं पंजे पर रखें। अपना बायां हाथ अपनी जांघों पर रख लें।
- अब अपने दाएं हाथ को कंधे से आगे रखें। ध्यान रहे कि आपकी हथेली का दबाव जमीन पर बन रहा हो और हाथ सीधा हो।
- सांस अंदर लें और और अपना बायां हाथ ऐसे रखें कि वो जमीन के एकदम सीध में खड़ा हो।
- इस पोज में कुछ सेकंड्स तक रहें और अपने उठे हुए हाथ की उंगलियों को आसमान की ओर रखें ओर उन्हें देखते रहें।
- सांस छोड़ते हुए हाथ नीचे करें और फिर प्लैंक पोज में वापस आ जाएं। इस आसन को दूसरी साइड से भी कर लें।

चतुरंग दंडासन: यह आसन बाजुओं और कलाइयों को मजबूत करता है। कंधों और एब्स को मजबूत करता है और पेट टोन करता है।

चतुरंग दंडासन कैसे करें?

- चतुरंग दंडासन करने से पहले अधो मुख श्वानासन कर लें ताकि आपका शरीर इस आसन के लिए वार्म-अप हो जाएगा।
- अब मैट पर पेट के बल लेट जाएं।
- अब अपने हाथों को छाती के पास ले जाकर कंधों से थोड़ा पहले जमीन पर रख लें।
- अपने हाथों पर वजन डालते हुए ऊपर उठें। पैरों को उंगलियों के बल टिका कर ऊपर आएं।
- आप ऐसी अवस्था में रहें जहां आपकी फोर-आर्म और अपर-आर्म के बीच ९० डिग्री का कोण बना कर रखें।

# प्रेग्नेंसी में क्यों आता है बार-बार गुस्सा, कैसे करें कंट्रोल

हर महिला के लिए प्रेग्नेंसी का समय बहुत खास होता है। इस दौरान शरीर में कई बदलाव आते हैं जिनकी वजह से तनाव, गुस्सा, चिड़चिड़ापन और चिंता महसूस हो सकती है। गर्भावस्था में कई बार गुस्सा और चिड़चिड़ापन महसूस होना नॉर्मल बात है लेकिन मां जो भी महसूस करती है, बच्चे पर भी उसका सीधा असर पड़ता है।

प्रेग्नेंसी में ज्यादा गुस्सा करना शिशु की सेहत के लिए सही नहीं है और समय रहते ही इसे कंट्रोल करना बहुत जरूरी है। अगर आप भी प्रेगनेंट हैं और आपको बार-बार गुस्सा आ रहा है तो यहां जान लीजिए इसके कारण और गुस्से को कम करने के उपायों के बारे में।

गर्भावस्था में गुस्सा आने के कारण

प्रेग्नेंसी में हार्मोन के स्तर में उतार-चढ़ाव आता रहता है। प्रेग्नेंसी में हार्मोनल बदलाव के कारण मूड स्विंग्स ट्रिगर हो सकते हैं जिसमें गुस्सा आना भी शामिल है। इसके अलावा नींद की कमी, पर्याप्त आराम न कर पाने या काम के बोझ की वजह से प्रेग्नेंसी में तनाव के कारण गुस्सा आ सकता है।

इसके अलावा डिलीवरी या शिशु की सेहत को लेकर हो रहे डर की वजह से भी गुस्सा आ सकता है। प्रेग्नेंसी में आने वाले बदलावों और पीड़ा के कारण थोड़ी मात्रा में असहज महसूस होना सामान्य बात है। गर्भावस्था में होने वाली जी मतली और थकान आदि के कारण भी गुस्सा आ सकता है।

प्रेग्नेंसी में ज्यादा गुस्सा करने की वजह से हाई बीपी, हार्ट रेट बढ़ने, एनिनेफ्रिन और एड्रेनलाइन जैसे हार्मोनों के बढ़ने की वजह से रक्त वाहिकाएं संकुचित हो सकती हैं। इससे भ्रूण तक ऑक्सीजन और खून की आपूर्ति घट जाती है जो कि शिशु के विकास के लिए हानिकारक साबित हो सकती है।

प्रेग्नेंसी में लंबे समय तक गुस्सा आना या बहुत ज्यादा गुस्सा आना कुछ हद तक जटिलताएं पैदा कर सकती है। इसकी वजह से डिलीवरी के बाद तक परेशानी हो सकती है। ऐसा माना जाता है कि प्रेग्नेंसी में बार-बार गुस्सा करने की वजह से शिशु का जन्म के समय वजन कम होने, प्रीमैच्योर डिलीवरी, शिशु में चिड़चिड़ापन और डिप्रेशन का खतरा हो सकता है।

# पेट दर्द होने पर अपनाएं ये घरेलू नुस्खे





गैस, सूजन और ब्लोटिंग जैसी कई समस्याएं है, जिनके आम लक्षणों में पेट दर्द शामिल है। इसके अतिरिक्त ज्यादा खाने या फिर अधिक तैलीय और मसालेदार चीजों के सेवन से भी आप पेट दर्द का अनुभव कर सकते हैं। इस समस्या से राहत पाने के लिए आप दवाइयों का सेवन करने की जगह घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं। आइए आज हम आपको 5 ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिन्हें अपनाने से पेट दर्द तुरंत दूर हो सकता है।

पुदीने का पानी पिएं

पेट दर्द से छुटकारा दिलाने में पुदीना एक हीलिंग जड़ी-बूटी की तरह काम करता है। लाभ के लिए पुदीने की कुछ पत्तियों को चबाएं। आप चाहें तो पुदीने की 4-5 पत्तियों को एक कप पानी में उबाल लें और फिर पानी को गुनगुना करने के बाद इसका सेवन करें। इससे पाचन क्रिया और गैस का दर्द ठीक होगा। इसके अतिरिक्त पुदीने और अदरक को पीसकर इसे गर्म पानी के साथ लेने से भी पेट दर्द में आराम मिलता है।

अदरक का उपयोग करें

विभिन्न अध्ययनों ने पेट दर्द के इलाज में अदरक की प्रभावकारिता को प्रदर्शित किया है क्योंकि यह मजबूत एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों का एक प्राकृतिक स्रोत है। यही कारण है कि पेट दर्द ठीक करने वाली अधिकांश गोलियों में अदरक एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में मौजूद होता है। लाभ के लिए आपको बस इतना करना है कि ताजा अदरक के रस को पानी में मिलाकर पिएं या ताजी अदरक को अच्छे से चबाकर निगल लें।

सेब का सिरका आएगा काम

अगर आपको पेट दर्द के साथ मतली, एसिडिटी, सूजन और अपच भी है तो सेब का सिरका इन सभी समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकता है। यह आपके पेट के क्ष्ह स्तर को बढ़ाने में मदद करता है और आंत में स्वस्थ बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा देता है। लाभ के लिए बस एक कप पानी में थोड़ा-सा सेब का सिरका और थोड़ा शहद मिलाकर इसे धीरे-धीरे पिएं।

जीरा पानी का सेवन करें

जीरा कुछ ऐसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है जो आसानी से खाना पचाने में मदद करते हैं। इसके अलावा यह पेट दर्द की समस्या से राहत दिलाने में भी मदद करता है। इसे बनाने के लिए एक चम्मच जीरा लें और उसे लगभग 2 कप पानी में 15 से 2० मिनट उबालें। जब पानी अच्छे से उबल जाए तो इस मिश्रण को छानकर ठंडा होने दें और फिर खाना खाने के बाद इसका सेवन करें।

एलोवेरा जूस भी है प्रभावी

एलोवेरा जूस एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है जो पेट दर्द, एसिडिटी, एसिड रिफ्लक्स, गैस्ट्राइटिस और सूजन को ठीक कर सकता है। इसके साथ ही यह आपको कब्ज, कोलाइटिस और ड्ढक्क जैसी समस्याओं से भी छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है। इस जूस को पीने से पेट का अल्सर भी ठीक हो सकता है और पाचन में सुधार होता है। लाभ के लिए एक ब्लेंडर में ताजा एलोवेरा जेल और पानी डालकर अच्छे से ब्लेंड कर उसे पी लें।

## शब्द सामर्थ्य -082

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 |
| | | 7 | | | | 8 | | |
| 9 | | | | 10 | | | | |
| | | | | | | 12 | | |
| | 11 | | 12 | | | | 13 | |
| 14 | | | | | | 15 | | |
| 16 | | | 17 | 18 | 19 | | | |
| 20 | | 21 | | 22 | | | | |
| | | | | 23 | | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 81 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

# आश्रम' की पम्मी पहलवान लगीं साड़ी में बला की खूबसूरत



बाबा निराला से पंगा लेने वाली पम्मी पहलवान साड़ी में कहर ढाती हैं. जी हां हम बात कर रहे है आश्रम वेब सीरीज़ की पम्मी पहलवान एक्ट्रेस अदिति पोहनकर की. जो अपनी ग्लैमरस और स्टाइलिश साड़ी लुक्स के लिए जानी जाती हैं. जो अक्सर ट्रेडिशनल और मॉडर्न टच का मेल होती हैं. जिनमें उनके डिज़ाइनर ब्लाउज और अलग-अलग साड़ी स्टाइल बहुत पसंद किए जाते हैं, और उनके ये लुक्स अक्सर सोशल मीडिया और एंटरटेनमेंट साइट्स पर सुर्खियां बटोरते हैं. पम्मी पहलवान का किरदार अदिति पोहनकर निभाती हैं, जो बाबा निराला से लोहा लेती हैं. अपनी मजबूती के साथ-साथ खूबसूरती के लिए भी मशहूर हैं. वह साड़ी में बेहद खूबसूरत लगती हैं और उनके ब्लाउज के डिज़ाइन काफी ट्रेंड करते हैं. उनकी फोटोज और साड़ी लुक्स अक्सर वायरल होते हैं और फैंस उन्हें कॉपी करना पसंद करते हैं.

# विलाया थंडावम से कार्तिक राजू का दमदार फर्स्ट लुक जारी हुआ

सशक्त कथानक और अपरंपरागत विषयों वाली पटकथाओं को चुनकर, युवा नायक कार्तिक राजू धीरे-धीरे फिल्म उद्योग में अपनी एक अलग पहचान बना रहे हैं। इसी शैली को अपनाते हुए, वे अब आगामी एक्शन से भरपूर फिल्म विलाया थंडावम में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। इस हाई वोल्टेज थ्रिलर का निर्देशन वी.एस. वासु ने किया है। इस फिल्म में कार्तिक राजू के साथ पार्वती अरुण और पुष्पा फेम जगदीश भी अहम भूमिकाओं में हैं।

जीएमआर मूवी मेकर्स की यह पहली फिल्म है, जिसे मंडला धर्म राव और गुम्पु भास्कर राव द्वारा निर्मित किया जा रहा है। गौरतलब है कि दशहरा उत्सव के दौरान जारी किए गए टाइटल पोस्टर ने काफी हलचल मचाई और दर्शकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली।

बढ़ती उत्सुकता को और बढ़ाते हुए, निर्माताओं ने क्रिसमस के विशेष उपहार के रूप में फिल्म का पहला लुक पोस्टर जारी किया है। यह आकर्षक पोस्टर ऊर्जा से भरपूर है, जो ज़बरदस्त एक्शन और एक दमदार कहानी का संकेत देता है। चारों ओर आग की लपटें फैली हैं, जले हुए अवशेष बिखरे पड़े हैं, पास में एक टूटा हुआ फोटो फ्रेम पड़ा है, और नायक के हाथ पर आग की लपटें उठ रही हैं। सिर पर पट्टी बांधे और दृढ़ निश्चय से भरी निगाहों के साथ, कार्तिक राजू आक्रामक और प्रभावशाली अवतार में नज़र आते हैं, जो साहस और क्रोध से ओतप्रोत एक किरदार का वादा करते हैं। अखिल भारतीय रिलीज के लिए बनाई जा रही फिल्म विलाया थंडावम की शूटिंग तेजी से आगे बढ़ रही है और आने वाले दिनों में प्रोडक्शन टीम से और अधिक अपडेट मिलने की उम्मीद है।

# फिल्म पेड्डी से जाह्नवी कपूर का नया लुक जारी, गांव की छोरी बनकर मचाएंगी धमाल

सुपरस्टार राम चरण की आगामी फिल्म पेड्डी लंबे समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। 2025 में आई गेम चेंजर की निराशाजनक परफॉर्मेंस के बाद, राम की इस फिल्म से लोगों की उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित पेड्डी में जाह्नवी कपूर बतौर मुख्य अभिनेत्री नजर आएंगी। चूंकि 6 मार्च को अभिनेत्री 29 साल की हो गई हैं। इस खास मौके पर फिल्म से उनकी नई झलक जारी की गई है।

30 अप्रैल को रिलीज हो रही पेड्डी में, जाह्नवी को अचियम्मा के रूप में पेश किया गया है। पोस्टर में वह साहसी, आत्मविश्वासी और ऊर्जा से भरपूर दिखी हैं। सूती कपड़ों के साथ, गोल फ्रेम का चश्मा लगाए उनका लुक गांव की देहाती छोरी जैसा प्रतीत होता है। बता दें, जाह्नवी और राम की जोड़ी पहली बार पर्दे पर दिखेगी, लेकिन यह अभिनेत्री की दूसरी तेलुगु फिल्म है। इससे पहले उन्हें जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा में देखा गया था।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# जर्नलिज्म छोड़ अभिनय में बनाई पहचान, साउथ ही नहीं बॉलीवुड में भी श्रद्धा दास ने छोड़ी छाप



फिल्म इंडस्ट्री में कई कलाकार ऐसे हैं, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों से आकर अभिनय की दुनिया में नाम कमाया है। ऐसी ही एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं श्रद्धा दास, जिन्होंने पत्रकारिता की डिग्री हासिल की, लेकिन किस्मत उन्हें एक्टिंग की ओर ले आई।आज वह साउथ सिनेमा का जाना-माना चेहरा हैं और बॉलीवुड में भी अपनी खास पहचान बना चुकी हैं।

1987 को मुंबई के एक बंगाली परिवार में जन्मीं श्रद्धा ने मुंबई विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ मास मीडिया (जर्नलिज्म) की डिग्री हासिल की। कॉलेज के दिनों में ही उन्हें अभिनय का शौक हो गया। उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के कलाकारों जैसे पीयूष मिश्रा और चितरंजन गिरी जैसे एक्टर्स के साथ थिएटर वर्कशॉप की, थिएटर में अच्छी ट्रेनिंग ली और फिर एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा।

श्रद्धा ने साल 2008 में तेलुगू फिल्म सिद्धु फ्रॉम सिकाकुलम से अभिनय की शुरुआत की, जिसमें वह अभिनेता नरेश के साथ नजर आईं। यह उनका साउथ डेब्यू था। तेलुगू के बाद उन्होंने तमिल, कन्नड़, मलयालम, बंगाली और हिंदी फिल्मों में भी काम किया। साउथ में वह आर्या 2, डार्लिंग, नागावल्ली, और गुंटूर टॉकीज जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। वहीं, कई फिल्मों में उन्हें सीक्वल क्वीन का टैग भी मिला, क्योंकि वह कई सीक्वल में नजर आईं।

श्रद्धा ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से साउथ और बॉलीवुड दोनों में मजबूत जगह बनाई। मॉडलिंग से शुरुआत करने वाली श्रद्धा ने एक्टिंग ट्रेनिंग पर खास ध्यान दिया। वह चुलबुली, तेज और रोमांटिक रोल्स में बखूबी जंचती हैं। श्रद्धा के बॉलीवुड में काम की बात करें तो उन्होंने डेब्यू साल 2010 में फिल्म लाहौर से किया, जिसमें उन्होंने इदा का किरदार निभाया था। इसके बाद दिल तो बच्चा है जी, लकी कबूतर, सनम तेरी कसम, ग्रेट ग्रैंड मस्ती जैसी फिल्मों में काम किया। सनम तेरी कसम में उनका किरदार दर्शकों को खासा पसंद आया। फिल्म में उनके किरदार का नाम रूबी रहता है। बॉलीवुड में वह सपोर्टिंग रोल्स में ज्यादा नजर आईं, लेकिन अपनी खूबसूरती, तेज-तर्रार अंदाज और रोमांटिक भूमिकाओं से दर्शकों के बीच प्रभाव छोड़ा। श्रद्धा दास अब तक 50 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुकी हैं, जो अलग-अलग भाषाओं में हैं।बेहतरीन एक्टिंग के साथ ही श्रद्धा एक शानदार डांसर भी हैं, जो उनके परफॉर्मेंस को और आकर्षक बनाता है। फिल्मों के अलावा वह वेब सीरीज और टीवी शोज में भी काम कर चुकी हैं।

# लाहौर 1947 का बदला गया नाम...? अब बंटवारा 1947' टाइटल से रिलीज होगी सनी देओल की फिल्म



वॉर ड्रामा बॉर्डर 2 से सनी देओल ने बॉक्स ऑफिस पर खूब गदर मचाया. वहीं अब एक्टर आमिर खान प्रोडक्शन की फिलम से बड़े पर्दे पर फिस से धमाल मचाने की तैयारी कर रहे हैं. इस अपकमिंग फिल्म का नाम पहले लाहौर 1947 रखा गया था. लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म का टाइटल बदल दिया है. जानते हैं आमिर खान और सनी देओल स्टारर फिल्म का नया नाम क्या रखा जाएगा?

राजकुमार संतोषी निर्देशित मच अवेटेड फिल्म लाहौर 1947' का टाइटल बदला जा रहा है. दरअसल फिल्म मेकर्स को चिंता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव के बीच लाहौर नाम जोड़ने से परेशानी हो सकती है.

रिपोर्ट के मुताबिक, लाहौर 1947' का नाम बदलकर बटवारा 1947' कर दिया गया है. फिल्म का नाम बदलने का फैसला पिछले हफ्ते लिया गया था क्योंकि टीम सिर्फ़'लाहौर पर फ़ोकस करने के बजाय 1947 के बंटवारे की दुखद घटना को दिखाने और एक बड़ी भावना दिखाना चाहती थी'

सनी देओल ने बताया कि लाहौर 1947 का आइडिया कैसे आया. बॉर्डर 2 स्टार ने बताया, यह एक ऐसा सब्जेक्ट था जिस पर राजकुमार संतोषी और मैं सालों से बात कर रहे थे. हम इसे करने की कोशिश करते रहे. उन्होंने आगे कहा, ज़ाहिर है, गदर के बाद यह मुमकिन हो गया. आमिर मेरे पास आए और कहा कि वह यह प्रोजेक्ट बनाना चाहते हैं. बाद में, सबने हां कह दी.

फिल्म के बारे में बात करते हुए, सनी ने बताया था, सब्जेक्ट बहुत इमोशनल है. राजकुमार संतोषी और मैंने तीन इंटेंस फिल्में दी हैं. लाहौर 1947 में किरदारों में इंटेंसिटी और डेप्थ है. यह एक प्ले है जिसे अडेप्ट किया गया है. उम्मीद है, हम इसे जल्द से जल्द रिलीज़ करने की कोशिश करेंगे.

असगर वजाहत के मशहूर प्ले जिस लाहौर नई देख्या, ओ जम्याई नी पर बेस्ड यह फिल्म पार्टीशन के समय की है. कहानी एक मुस्लिम परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है जो लखनऊ से लाहौर माइग्रेट करता है और उसे एक हिंदू परिवार द्वारा खाली की गई हवेली अलॉट की जाती है. हालांकि, चीजें तब ड्रामैटिक मोड़ लेती हैं जब उन्हें पता चलता है कि हिंदू परिवार अभी भी घर में रह रहा है और जाने से मना कर रहा है. बता दें कि आमिर खान द्वारा प्रोड्यूस की गई यह फिल्म भारत के 1947 के बंटवारे के समय की है और इसमें आमिर के साथ सनी देओल, प्रीति जिंटा, शबाना आज़मी, करण देओल, अली फजल और अभिमन्यु सिंह हैं. यह असगर वजाहत के नाटक जिस लाहौर नई वेख्या, ओ जम्या ई एन' पर आधारित है. ये फिल्म इस साल 13 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# रसोई गैस सिलिंडर नहीं मिलने से ग्रामीणों की बढ़ने लगी परेशानी

नई टिहरी(आरएनएस)। थौलधार ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस सिलिंडर नहीं मिलने से लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगलों से सूखे पेड़ और सुखी लकड़ी निशुल्क देने की मांग की उठाई है। ग्राम प्रधान संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि थौलधार ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में विगत कई दिनों से रसोई गैस की सप्लाई नहीं हो पा रही है, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। उन्होंने कहा कि नगुण पट्टी के कोटी मेहरूकी, मजखेत, थिरणी, क्यारी, चापड़ा अंधियारी, बगालचक में वन विभाग के जंगलों में काफी संख्या में चीड़ के सूखे पेड़ इधर-उधर गिरे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी दिनों में शादी विवाह के साथ अन्य मांगलिक कार्यक्रम संपन्न होने है। ऐसे में रसोई गैस न मिलने से ग्रामीणों के सामने परेशानी खड़ी हो गई है। गैस एजेंसी की ओर से अगला सिलिंडर 26 दिन बाद देने का समय दिया गया है। शादी-विवाह और अन्य सामाजिक कार्य किस तरह से संपन्न कराएंगे जाएंगे। बताया पूर्व में क्षेत्र के ग्रामीणों की ओर से हक-हकूक के तहत घरों की मरम्मत के लिए वन विभाग से हक हकूक के तहत सूखे पेड़ों की मांग की गई थी लेकिन वह भी नहीं मिल पाई। वन विभाग की ओर से 15 फरवरी से फायर सीजन का हवाला देकर हक-हकूक लकड़ी (रमाना) देने के लिए माना कर दिया। वन दरोगा प्रवीण असवाल ने कहा कि जंगल में गिरे तथा खड़े सूखे पेड़ ग्रामीणों को देने को लेकर को आदेश उन्हें नहीं मिला है। विभागीय उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद ही ग्रामीणों को लकड़ी और पेड़ों का आवंटन का काम किया जाएगा।

# व्यंग्यकार डॉ. वेद प्रकाश और शिक्षक विपिन पांडे सम्मानित

नैनीताल(आरएनएस)। राजकीय अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज बेतालघाट में स्व. एचसी भंडारी स्मृति में कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें प्रख्यात व्यंग्यकार डॉ. वेद प्रकाश अंकुर और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक एवं कवि विपिन चंद्र पांडे को विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राशी बुधलाकोटी और प्रधानाचार्य दीप चंद्र त्रिपाठी ने डॉ. अंकुर को स्व. एचसी भंडारी स्मृति हास्य रत्न सम्मान और विपिन चंद्र पांडे को बहुमुखी प्रतिभा सम्मान प्रदान किया। दोनों को शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। मुख्य अतिथि ने कवियों द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशा उन्मूलन और दहेज प्रथा जैसे ज्वलंत विषयों पर प्रस्तुत रचनाओं की मुक्तकंठ से सराहना की। कवि सम्मेलन में डॉ. वेद प्रकाश अंकुर ने अपने तीखे व्यंग्य और हास्य से श्रोताओं को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया, जबकि विपिन चंद्र पांडे ने संवेदनशील कविताओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का मजबूत संदेश दिया। इसके अलावा अल्ताब शाह, सत्यदेव, जानकी राणा और भानु जोशी ने भी अपनी रचनाओं से कार्यक्रम को समृद्ध किया।

## सू- दोकू क्र.082

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.81 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# सरकार झूठ बोलकर जनता को छलने का काम रही:गोदियाल

नई टिहरी(आरएनएस)। घनसाली वसंत कौथिग महोत्सव में पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि भाजपा सरकार झूठ बोलकर जनता को छलने में लगी है। भाजपा की नीतियों से परेशान होकर उनके नेता पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। आने दिनों में यह लाइन लंबी होगी। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा। जन जागृति लोक संरक्षण समिति व घनसाली शताब्दी वर्ष के पर आयोजित कौथिग महोत्सव में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेले और पहाड़ी संस्कृति का संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने लोगों से बच्चों को अपनी बोली-भाषा और संस्कृति के बारे में बताने को कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा को हर क्षेत्र में राजनीति नजर आती है। पहाड़ों से लगातार पलायन हो रहे, पलायन रोकने में सरकार नाकाम साबित हुई है। प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि मेलों के माध्यम से समाज में आपसी सौहार्द कायम होता है। थौल मेले हमारी पहचान है इन्हें मिलकर आगे बढ़ाने की जरूरत है। इस मौके पर पूर्व विधायक भीमलाल आर्य, ओम गोपाल रावत, मोहन सिंह रावत, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुरारी लाल खंडवाल, राकेश राणा, विजय गुनसोला, धनीलाल शाह, दिनेश लाल, शंकरपाल सजवाण, जन जागृति समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश भुजवाण, डॉ नरेन्द्र डंगवाल मौजूद थे।

उधर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने चंबा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कहा कि ऊर्जा, समर्पण और संघर्षशीलता कार्यकर्ताओं की पहचान होती है। आगामी विधानसभा चुनाव में हर कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरकर भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का काम करें। कहा कि कांग्रेस 2027 में प्रदेश की सत्ता में लौट रही है। इस मौके पर नरेंद्र चंद रमोला, सोबन सिंह नेगी, साहब सिंह सजवाण, सुमना रमोला, बीना नेगी, गीता डबराल, बिजेंद्र नेगी, शिब्बी भंडारी, विजय नेगी, सोबन सिंह नेगी, शक्ति जोशी आदि मौजूद थे।

## सड़क विकास को मिली रफ्तार, कई का सुधारीकरण हुआ पूरा

पौड़ी(आरएनएस)। जनपद में विद्युत, पेयजल और शिक्षा के साथ-साथ सड़क संपर्क में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है।

लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) की ओर से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से मोटर मार्गों का निर्माण और सुधारीकरण किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों की आवाजाही अधिक सुगम और सुरक्षित बन रही है। अधिशासी अभियंता लोनिवि बैजरो लोकेश सारस्वत ने बताया कि थलीसैंण क्षेत्र के अंतर्गत मैखुली-देवराड़ी-गणतखाल मोटर मार्ग का 2.87 किमी लंबा सुधारीकरण व डामरीकरण कार्य 230.93 लाख रुपये की लागत से उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया गया है। इस मार्ग से ग्राम मतोली, छपरखाल और मंगरों के 431 ग्रामीणों को सीधा लाभ मिला है। राज्य योजना के तहत बीरोंखाल क्षेत्र के रसिया महादेव-नाउ-नागणी-चित्तोड़खाल 1.5 किमी मोटर मार्ग का 148.55 लाख रुपये की लागत से पुनर्निर्माण और सुधारीकरण किया गया जिससे चकरगांव और लिंगुड़िया के 657 ग्रामीणों की यात्रा आसान हुई है। वहीं, मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत शामिल 1.250 किमी लंबे चकरगांव-कल्याणखाल मोटर मार्ग का 109.15 लाख रुपये की लागत से डामरीकरण कार्य भी निर्धारित समय में पूरा कर लिया गया है।

# रसोई गैस का पर्याप्त कोटा परेशान न हों उपभोक्ता - डीएम

नई टिहरी(आरएनएस)। रसोई गैस की पर्याप्त आपूर्ति के बाद भी लोगों की भीड़ जुटने पर डीएम नितिका खंडेलवाल ने जिला पूर्ति अधिकारी को सिलिंडरों की वितरण व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि रसोई गैस की सप्लाई को लेकर शासनस और गैस एजेंसियों से संपर्क रखें। डीएम ने स्पष्ट किया कि जिले में एलपीजी की प्राप्ति और वितरण व्यवस्था सामान्य बनी हुई है। गैस का पर्याप्त कोटा है, किसी भी उपभोक्ता को परेशान होने की जरूरत नहीं है। गैस वितरण व्यवस्था को सामान्य बनाने के निर्देश पर डीएसओ मनोज डोभाल ने कहा कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस की प्राप्ति और वितरण की स्थिति सामान्य है। विगत दिवस गैस एजेंसियों को कुल 2497 घरेलू सिलिंडर प्राप्त हुए। एजेंसियों द्वारा 2724 घरेलू सिलिंडर का वितरण किया गया। उसके बाद एजेंसियों के पास 4023 सिलेंडर स्टॉक में है। एलपीजी आपूर्ति एवं वितरण की प्रभावी निगरानी के लिए गठित त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। अब तक गैस गोदामों, पेट्रोल पंपों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और होटलों सहित कुल 414 निरीक्षण किए जा चुके हैं जिनमें 14 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। शिकायतों के निस्तारण के लिए कंट्रोल रूम में अब तक 85 शिकायतें दर्ज की गई हैं जिन पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। डीएसओ ने कहा कि घरेलू एलपीजी की आपूर्ति और वितरण पूरी तरह सामान्य है। उपभोक्ता अपनी आवश्यकता के अनुसार ही गैस बुकिंग करें।

## बीमार मादा गुलदार की मौत, जांच को भेजे सैंपल

पौड़ी(आरएनएस)। विकासखंड खिर्सू के जोगड़ी गांव में शनिवार सुबह एक गुलदार ने बुजुर्ग पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घटना के बाद वन विभाग ने देर शाम एक गुलदार को ट्रेंकुलाइज कर नागदेव रेंज लाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। एसडीओ गढ़वाल आयशा बिष्ट ने बताया कि मृत मादा गुलदार की उम्र लगभग चार से पांच वर्ष थी। प्रारंभिक जांच में उसके बीमार होने की पुष्टि हुई है और शरीर की त्वचा भी खराब पाई गई, जिससे उसके लंबे समय से अस्वस्थ होने के संकेत मिलते हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों ने गुलदार को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। मृत गुलदार के ब्लड और स्किन के सैंपल जांच के लिए पशुलोक ऋषिकेश भेजे गए हैं। वन विभाग ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है और मामले की विस्तृत जांच जारी है, ताकि घटना के कारणों का स्पष्ट पता लगाया जा सके।

# बदरीनाथ हाईवे- क्षेत्रपाल में भूस्खलन से मिली मुक्ति, अलकनंदा से लेकर चट्टान तक ट्रीटमेंट संपन्न

चमोली(आरएनएस)। बदरीनाथ हाईवे पर इस बार तीर्थयात्रियों को भूस्खलन एरिया क्षेत्रपाल में हाईवे बाधित होने और हिचकौले खाकर यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। यहां अब भूस्खलन से मुक्ति मिल जाएगी।

एनएचआईडीसीएल (राष्ट्रीय राजमार्ग एवं ढांचागत विकास) की ओर से क्षेत्रपाल में करीब 400 मीटर एरिया में सुधारीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अलकनंदा साइड मलबे का निस्तारण किया गया है, जबकि भूस्खलन वाली चट्टान को लोहे की जाली से बांध दिया गया है। अंतिम चरण में यहां डामरीकरण कार्य होगा। कार्यदायी संस्था की ओर से इसकी तैयारी भी कर ली गई है।

बदरीनाथ हाईवे पर पिछले सात साल से ऑलवेदर रोड परियोजना के तहत सड़क चौड़ीकरण, सुधारीकरण और डामरीकरण कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत कई जगहों पर संकरे और अंधे मोड़ों पर चौड़ीकरण कार्य कर दिया गया है। चारधाम यात्रा के दौरान पिछले पांच साल से क्षेत्रपाल में भूस्खलन परेशानी का सबब बना हुआ था।

वर्ष 2022 में यहां भूस्खलन होने से तीन दिनों तक बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब की तीर्थयात्रा बाधित रही थी। इसके बाद एनएचआईडीसीएल ने इस एरिया के ट्रीटमेंट का खाका तैयार किया। 2024 में इसके ट्रीटमेंट को भारत सरकार की स्वीकृति मिली। तब से यहां सुधारीकरण कार्य चल रहा था। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदकिशोर जोशी का कहना है कि क्षेत्रपाल में सुधारीकरण कार्य कर लिया गया है। यहां चौड़ीकरण के साथ ही चट्टानी भाग को लोहे की जाली से सुरक्षित कर दिया गया है। ढलानों को मजबूत करने और मिट्टी के स्थिरीकरण के लिए रासायनिक तरल स्टेबलाइजर्स का छिड़काव किया गया है। अब यहां यात्रा सुगम और सुरक्षित हो जाएगी।



# नगर शोभा यात्रा पर जैन समाज का किया स्वागत व महावीर भगवान की आरती की

संवाददाता

देहरादून। विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने श्री महावीर जयंती पर निकलने वाली नगर शोभा यात्रा पर जैन समाज का भव्य स्वागत कर महावीर भगवान की आरती की।

आज यहां बजरंग दल प्रांत मिलन प्रमुख विकास वर्मा ने कहा की महानगर में पलटन बाजार में निकलने वाली प्रत्येक सनातन धार्मिक यात्रा या हिंदू सामाज को जोड़ने वाले सभी विषयों में अग्रणी रहकर प्रत्येक ऐसे कार्यों मे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल बहुत लंबे समय से समाज को सामाजिक समरसता के पवित्र भाव की मजबूती के लिए सभी सामाजिक धार्मिक विषयों में सहभागी बनते हैं। वर्मा द्वारा सभी को जय महावीरा के उद्घोष लगाकर जैन धर्म की जय जयकार की। जैन समाज के पदाधिकारी द्वारा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के समस्त कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष सुभाष जोशी द्वारा श्री भगवान महावीर के रथ पर आरती का थाल सजाकर आरती कराई गई। जिसमें सहयोगियों के रूप में हनुमत सेवा समिति के संरक्षक पण्डित उदय शंकर भट्ट, बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख सौरभ गौतम, प्रखंड अध्यक्ष आशीष शर्मा, समिति अध्यक्ष संदीप वाधवा, सतीश चौहान, मनोज तोमर, रतन श्रीवास्तव व अन्य कार्यकर्ता द्वारा मिलकर आरती की गई व जैन समाज की इस यात्रा की स्वागत के लिए मौके पर उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवती घायल

संवाददाता

देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवती के घायल होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नया गांव पेलियो निवासी आशीष ठाकुर ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पुत्री घर की तरफ आ रही थी तभी अज्ञात वाहन ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



# ग्रामीणों ने आशा रोड़ी झाझरा नेशनल हाईवे का काम रुकवाया

संवाददाता

देहरादून। ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी में गलत तरीके से नेशनल हाईवे के द्वारा बनाए जा रहे कलवर्ट पानी निकासी नालों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर कार्य को रुकवाया गया। आज यहां चंद्रबनी क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा चोयला पट्टीयों वाला ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी में गलत तरीके से नेशनल हाईवे के द्वारा बनाए जा रहे कलवर्ट पानी निकासी नालों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर कार्य को रुकवाया गया। जिसमें बताया गया कि नेशनल हाईवे के द्वारा 50 वर्षों से चल रहे संपर्क मार्ग पटियों वाला से घराट हरबजवाला मार्ग को भी अवरोध कर दिया गया है। जहां से धर्मपुर व सहसपुर दोनों विधानसभा के हजारों ग्रामीण आवाजाही करते हैं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि यों के अवगत कराने के बावजूद आवाजाही हेतु रास्ते की व्यवस्था नेशनल हाईवे द्वारा नहीं की गई है जिस कारण से ग्रामीणों में भारी रोष है। जिसमें बताया गया है कि पानी निकासी हेतु नेशनल हाईवे के अधिकारियों द्वारा नाले की व्यवस्था की जाए ताकि पानी की समुचित व्यवस्था हो सके और आबादी में घुसने वाले पानी को भी रोका जा सकेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सुमन बुटोला, पूर्व पार्षद सुखबीर बुटोला, मयंक सिंह गौर, पी पी सिंह, पूनम भटनागर, मनोज पंत, अनिल ढकाल, सागर थापा, मनोनिता राणा, प्रताप सिंह, राकेश कुकरेती, सुरज रावत, मोहित शर्मा भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# चारधाम यात्रा के सफल संचालन हेतु ग्रीन कार्ड प्रणाली का शुभारंभ

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। चारधाम यात्रा-2026 के सफल एवं सुरक्षित संचालन हेतु परिवहन विभाग, उत्तराखंड द्वारा व्यावसायिक यात्री वाहनों के लिए ग्रीन कार्ड प्रणाली का शुभारंभ आज एआरटीओ कार्यालय, रोशनाबाद, हरिद्वार में किया गया।



इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुराज, विज्ञान प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी मंत्री प्रदीप बत्रा द्वारा किया गया। ग्रीन कार्ड प्रणाली के अंतर्गत चारधाम यात्रा में सम्मिलित व्यावसायिक वाहनों को तकनीकी रूप से फिट एवं सुरक्षित सुनिश्चित किया जाएगा। यह प्रणाली न केवल वाहनों की फिटनेस की पुष्टि करती है, बल्कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में संबंधित वाहन की समस्त जानकारी त्वरित रूप से उपलब्ध कराने में भी सहायक सिद्ध होगी।

वाहन स्वामी परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ग्रीन कार्ड हेतु ऑनलाइन आवेदन कर निर्धारित शुल्क जमा कर सकते हैं। इसके पश्चात निकटतम परिवहन कार्यालय में वाहन का तकनीकी निरीक्षण करवाने के उपरांत ग्रीन कार्ड जारी किया जाएगा।

यह व्यवस्था चारधाम यात्रा को अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के दौरान ग्रीन कार्ड प्रणाली को ऑनलाइन माध्यम से प्रभावी रूप से लागू करने में योगदान हेतु हिमांशु कुमार, वरिष्ठ निदेशक (आईटी) एवं रमन पुंडीर, संयुक्त निदेशक (आईटी), एनआईसी उत्तराखंड द्वारा किए गए विशेष प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर सनत कुमार सिंह, अपर परिवहन आयुक्त, राजीव मेहरा, संयुक्त परिवहन आयुक्त, सुनील शर्मा, उप परिवहन आयुक्त, शैलेश तिवारी, उप परिवहन आयुक्त, तथा डॉ. अनीता चमोला, आरटीओ (प्रवर्तन), देहरादून सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक एवं परिवहन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नशा तस्करी से अर्जित पैसों से खरीदी कार को पुलिस ने किया कुर्क

हमारे संवाददाता

पौड़ी। नशा तस्करी मामले में बड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने नशा तस्करी से अर्जित पैसो से खरीदी कार को कुर्क कर लिया है।




एसएसपी पौड़ी सर्वेश पंवार, द्वारा नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने, नशा तस्करों की सप्लाई चेन को पूर्णत: ध्वस्त करने तथा नशे की बिक्री, आपूर्ति, परिवहन एवं वितरण से जुड़ी प्रत्येक कड़ी के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई करने एवं नशे से अर्जित सम्पत्ति को भी जब्त करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। निर्गत निर्देशों के क्रम में नशा तस्कर सुरेन्द्र सिंह एवं उसके साथी एक संगठित गिरोह बनाकर गांजे की खरीद-फरोख्त कर अवैध धन अर्जित करने में लिप्त थे, जिनके खिलाफ थाना थलीसैंण पर मुकदमा दर्ज किया गया। जिसकी जांच के दौरान आरोपियों की संपत्तियों एवं बैंक खातों का विश्लेषण किया गया तो जांच में सामने आया कि गैंग लीडर सुरेन्द्र सिंह ने गांजा तस्करी से अर्जित धन से एक मारुति अल्टो कार खरीदी गयी तथा नशा तस्करी से धन यूपीआई माध्यम से प्राप्त कर इस धनराशि का उपयोग कार की फाइनेंस किश्तों को जमा करने में किया गया। जांच में सामने आया कि यह वाहन नशा/गांजा तस्करी अपराध से अर्जित धन से खरीदा गया है। इस पर गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत जब्ती की कार्रवाई हेतु जिलाधिकारी, पौड़ी गढ़वाल को रिपोर्ट प्रेषित की गई। जिस पर दिनांक 25 मार्च को जिलाधिकारी द्वारा वाहन को राज्य सरकार के अधीन जब्त/कुर्क करने के आदेश पारित किए गए। उक्त आदेश के अनुपालन में वाहन मारुति को जब्त/कुर्क कर थाना थलीसैंण में दाखिल किया गया। इस मुकदमें में अन्य आरोपियों की संपत्ति की भी पुलिस टीम द्वारा गहन जांच की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उक्त संपत्ति नशा तस्करी से अर्जित की गई है या नहीं।

# ब्रिगेडियर की हत्या, हवालात में मौत सरकार पूरी तरह फेल:शर्मा

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि ब्रिगेडियर की हत्या, हवालात में मौत व नारी निकेतन में आत्महत्या इससे यह साबित होता है कि सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है।

आज यहां कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड की राजधानी देहरादून अपराधियों के हवाले नजर आ रही है। राजपुर थाना क्षेत्र के जोहड़ी गांव में मॉर्निंग वॉक पर निकले एक रिटायर्ड ब्रिगेडियर की सरेआम गोली मारकर हत्या ने साबित कर दिया है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। ओवरटेक जैसे मामूली विवाद में चली गोली का शिकार एक निर्दोष नागरिक हो जाता है और सरकार मूकदर्शक बनी रहती है यह अत्यंत शर्मनाक है। इतना ही नहीं, रायपुर थाना क्षेत्र में पीआरडी जवान की हवालात में मौत और नारी निकेतन में महिला संवासिनी की आत्महत्या ने इस सरकार की संवेदनहीनता और प्रशासनिक विफलता को पूरी तरह उजागर कर दिया है। सवाल यह है कि जब पुलिस की हिरासत में ही लोग सुरक्षित नहीं हैं और सरकारी संरक्षण में चल रहे संस्थानों में महिलाएं अपनी जान देने को मजबूर हैं, तो आम जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा। उन्होंने इन घटनाओं पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि उत्तराखंड में अब कानून नहीं, बल्कि जंगलराज चल रहा है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि दिनदहाड़े गोलियां चल रही हैं और निर्दोष लोगों की जान जा रही है, जबकि सरकार सिर्फ बयानबाजी में व्यस्त है। उन्होंने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है और मुख्यमंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। प्रदेश की जनता आज खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है और सरकार की नाकामी का खामियाजा निर्दोष लोगों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ रहा है। लालचंद शर्मा ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही कानून व्यवस्था को पटरी पर नहीं लाया गया और इन सभी मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी और इस निकम्मी सरकार को जवाब देने पर मजबूर करेगी।

# डॉ. जितेन ठाकुर 'उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान' से सम्मानित

## ❑साहित्यकार समाज के मार्गदर्शक और प्रेरक होते हैं: मुख्यमंत्री




संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा आयोजित उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान समारोह-2025 में "उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान" से डॉ. जितेन ठाकुर को सम्मानित किया।अ इसके साथ मुख्यमंत्री ने डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, श्याम सिंह कुटौला, डॉ. प्रीतम सिंह, केसर सिंह राय एवं अताए साबिर अफजल मंगलौरी को "उत्तराखंड दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट साहित्यकारों एवं "युवा कलमकार प्रतियोगिता" के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने साहित्य नारी वंदन सम्मान के अंतर्गत प्रो. दिवा भट्ट, उत्कृष्ट बाल साहित्य हेतु प्रो. दिनेश चमोला, उत्तराखंड मौलिक रचना पुरस्कार के अंतर्गत डॉ भूपेंद्र बिष्ट, डॉ सुधा जुगरान, शीशपाल गुसाई, उत्कृष्ट कुमाऊनी एवं गढ़वाली साहित्य हेतु श्रीमती तारा पाठक, हेमंत सिंह बिष्ट एवं गजेंद्र नौटियाल आदि को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि उनके लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि उन्हें प्रदेश के महान साहित्यकारों को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि "उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान" से सम्मानित डॉ. जितेन ठाकुर न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे हिंदी साहित्य जगत के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने सभी सम्मानित साहित्यकारों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपनी रचनात्मकता के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत को समृद्ध करने के साथ नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि "उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान" समारोह प्रदेश की साहित्यिक परंपरा, रचनात्मक चेतना और साहित्यकारों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सुमित्रानंदन पंत, गौरा पंत "शिवानी", मोहन उप्रेती और शैलेश मटियानी जैसे साहित्यकारों ने इस धरा को गौरवान्वित किया है। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य सरकार साहित्य और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखंड को साहित्यिक पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए राज्य में दो "साहित्य ग्राम" स्थापित किए जा रहे हैं, जहां साहित्यकारों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, खजान दास, विधायक श्रीमती सविता कपूर सहित बड़ी संख्या में विद्वान, लेखक, साहित्यकार, पत्रकार एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

# जिलेटिन की 104 छड़ों के साथ एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

बागेश्वर। विस्फोटक पदार्थ के साथ पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से 104 जिलेटन की छड़े बरामद हुई है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना कपकोट क्षेत्रांर्तगत चौकी शामा पुलिस द्वारा एक सूचना के बाद पान सिंह पुत्र उमेद सिंह निवासी लीती थाना कपकोट की दुकान से विस्फोटक पदार्थ (जिलेटिन) की 104 छड़ें बरामद की गयी। बरामद वस्फोटक पदार्थ की छड़ो के सम्बन्ध में पान सिंह से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वर्ष 2010-2012 में लिती सड़क निर्माण का कार्य प्रीतम सिंह परिहार एवं महेश खेतवाल निवासी बागेश्वर के ठेकेदार द्वारा किया जा रहा था, उनके द्वारा श्याम सिंह कोरंगा के खाली पड़े मकान में सड़क निर्माण सामग्री का गोदाम बनाया था जिसकी देख रेख स्वय पान सिंह करता था सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण होने के उपरांत विस्फोटक पदार्थ (जिलेटिन) की कुछ छडे बच गई थी जिन्हे पान सिंह द्वारा अपने पास रख लिया। उक्त बरामद विस्फोटक पदार्थ की छड़ो की जॉच हेतु बीडीएस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। बीडीएस टीम द्वारा बरामद छड़ो को विस्फोटक पदार्थ होना बताया गया। बरामद विस्फोटक पदार्थ (जिलेटिन) की 104 छड़ों के सम्बन्ध में आरोपी पान सिंह पुत्र उमेद सिंह को गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



# कांग्रेस की 'दिग्गजों' को कमान

❑विधानसभा चुनाव के लिए है कांग्रेस तैयार
❑कांग्रेस ने राज्य को आठ चुनावी जोन में बांटा
❑शीर्ष कांग्रेस नेताओं को जोन की जिम्मेदारी दी

देहरादून (कासं)। चुनावी साल में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने में लगी है। सूत्रों की माने तो कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में चुनावी रणनीति, संगठन विस्तार और जन मुद्दों को लेकर मंथन हुआ। कांग्रेस सूत्रों की माने तो चुनाव के दृष्टिगत राज्य को आठ जोन में बांटकर शीर्ष नेताओं को एक-एक जोन की जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने प्रदेश में लगभग 12 हजार बीएलए की नियुक्ति के संबंध में अब तक हुई प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने नेताओं और कार्यकर्ताओं को गुटीय मतभेदों से ऊपर उठकर एकजुट होकर काम करने की सलाह दी और कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सभी को मिलकर जनता के बीच जाना होगा। प्रदेश व केंद्र की भाजपा सरकारों की नीतियों और विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों, प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों और जनहित से जुड़े विषयों पर गंभीर, सार्थक और सकारात्मक चर्चा हुई। नेताओं ने संगठनात्मक मजबूती के साथ आगामी चुनाव के लिए ठोस रणनीति बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

# भाजपा से रिजेक्ट हुए कांग्रेस में सिलेक्ट: भट्ट

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने उनके कहे शब्दों पर कांग्रेसी आपत्तियों को कांग्रेसी द्विअर्थी सोच का नतीजा बताते हुए कहा, जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। वहीं पुन: स्पष्ट किया कि जो अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार के चलते भाजपा से रिजेक्ट हुए, वही कांग्रेस में सिलेक्ट हुए हैं। हालत ये है कि आने वालों से अधिक संख्या नाराज लोगों की है, कोई इस्तीफा तो कोई मौन धारण कर कोप भवन चला गया है।

पार्टी मुख्यालय में मीडिया स अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने अपने बयान पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल की आपत्ति को सिरे से नकार दिया।



कहा, गलती बयान में नहीं बल्कि कांग्रेस नेताओं की द्विअर्थी सोच के तरीके में है, जो सोच कांग्रेस नेताओं के मन में अपने ही साथी नेताओं के प्रति रहती है, वही अर्थ उनको समझ में आया है।

उन्होंने एक बार फिर अपने बयान को स्पष्ट करते हुए कहा, कुछ लोगों का कल कांग्रेस में शामिल होना, अंधे के हाथ बटेर लगने जैसा है। इनमें अधिकांश को भाजपा अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार और अनैतिक आचरण के चलते बहुत पहले पार्टी से निकाल चुकी है। इन्होंने जनता के बीच जाकर भी चुनाव में अपना पक्ष रखा, वहां भी नकारे गए। लिहाजा यह कहने में कोई संकोच नहीं कि भाजपा और जनता से रिजेक्टेड लोग कांग्रेस के लिए सिलेक्टेड हो गए है। फिलहाल उनकी खुशफहनी उन्हें मुबारक, लेकिन भाजपा अनुशासन, नैतिकता और आचरण को लेकर कभी समझौता नहीं करती है।

# लाखों मतदाताओं का रिकार्ड गायब!

### ●24 सालों में लाखों वोटर्स आयोग की सूची में जुडे, लेकिन विधानसभाओं में रिकार्ड ही नहीं मिल रहा

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। प्री स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर पिछले लंबे समय से उत्तराखंड में काम चल रहा है। खास बात यह है कि मतदाताओं की मैपिंग को लेकर कई ऐसे आंकड़े भी सामने आए हैं, जिसको लेकर खुद निर्वाचन आयोग हैरान है। उत्तराखंड में राजनीतिक रूप से विध ानसभा चुनाव के दौरान जीत हार का अंतर कई सीटों पर 1000 से भी कम होता है, ऐसी स्थिति में मतदाताओं का लाखों की संख्या में रिकार्ड से हटना प्रदेश में राजनीतिक रूप से भी हालातों को बदल सकता है।

आंकड़ों के जरिए समझे तो प्रदेश में कुल 84 लाख 19 हजार 8 मतदाता है। जिसमें से केवल 65 लाख 45657 मतदाताओं को ही वेरीफाई किया है। इस तरह देखा जाए तो करीब 18 लाख से ज्यादा मतदाताओं के यह तो रिकार्ड नहीं मिल पा रहे हैं या फिर वह मैपिंग में हिस्सा नहीं ले रहे। मामले में सबसे खराब स्थिति मैदानी क्षेत्र की दिखाई देती है। यह यूं कहे कि साल 2003 की मतदाता सूची के मुकाबले मौजूदा स्थिति में मतदाता सूची में दर्ज नाम की बेतहाशा बढ़ोतरी मैदानी विधानसभा में ही हुई थी।

बता दें कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन से पहले ही प्री एसआईआर के जरिए निर्वाचन आयोग तमाम तैयारियों में जुटा है। हालांकि खाका तैयार करने के दौरान करीब 18 लाख मतदाताओं का इतिहास खोजना मुश्किल हो रहा है। यह वह मतदाता है जिनका 2003 की मतदाता सूची में नाम नहीं मिल रहा, निर्वाचन आयोग उत्तराखंड के उन मतदाताओं की मैपिंग कर रहा है, जिनके वोट 2003 के दौरान प्रदेश की मतदाता सूची में थे। इसमें बड़ी संख्या में मतदाता या तो मैपिंग का हिस्सा नहीं बन रहे या फिर उनका मतदाता सूची में रिकार्ड ही नहीं मिल रहा।

### 50 प्रतिशत मतदाताओं का ही रिकार्ड मिला

देहरादून की धर्मपुर विधानसभा में सबसे ज्यादा मतदाता रिकार्ड में नहीं आए। यहां 222233 मतदाता मौजूद है, जिसमें से 50 प्रतिशत मतदाताओं का ही रिकार्ड 2003 की मतदाता सूची में मिला है। दूसरे नंबर पर ऋषिकेश विधानसभा है, जहां 53.36 फीसदी मतदाताओं की मैपिंग हो सकती है। इसी तरह राजपुर रोड विधानसभा में 54.46, कैंट में 54.70, मसूरी विधानसभा में 56.5, रुद्रपुर में 57.55, रायपुर में 58.57, काशीपुर विधानसभा में 59.61 प्रतिशत मतदाताओं की ही मैपिंग हो सकती है। राज्य में 70 प्रतिशत से कम मतदाताओं की मैपिंग वाली विधानसभाओं में बाजपुर, किच्छा, डोईवाला, विकासनगर, सहसपुर और हरिद्वार का नाम शामिल है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, *एडवोकेट***
**बैजनाथ, *एडवोकेट***

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*